राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेरीनाग।

दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार

दिनांक 24 एवं 25 फरवरी 2023

विषय– उत्तराखण्ड की महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति

दिनाँक 24–02–2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेरीनाग में प्राचार्य प्रोफेसर सी. डी. सूँठा जी की अध्यक्षता में उत्तराखंड में महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ संगोष्ठी की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बेरीनाग श्रीमती विनीता बाफिला ने किया। संगोष्ठी के प्रथम दिवस पर संगोष्ठी के अध्यक्ष प्रोफेसर सी. डी. सूँठा जी ने थीम प्रेजेंटेशन के दौरान उत्तराखंड में महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के विषय में विस्तार से चर्चा की। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पी. एल.एम.एस. कैंपस ऋषिकेश के समाज शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ए. पी. सिंह एवं प्रोफेसर कमरुद्दीन आलम, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग एम. बी. पी. जी. कॉलेज हल्द्वानी ने उत्तराखंड में महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति पर अपने ऐतिहासिक एवं वृत्तान्तपरक व्याख्यान के माध्यम से समस्त प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन किया। डॉ. उर्वशी पाण्डेय, असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग ने महिला सशक्तिकरण के बारे में वृहद चर्चा की एवं महिलाओं को रोजगारोन्मुख होने के लिये प्रेरित किया। डॉ. सुनीता जोशी असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग, राजकीय डिग्री कॉलेज सोमेश्वर ने उत्तराखंड के आर्थिक सुदृढ़ीकरण में महिलाओं का योगदान विषय पर विस्तृत चर्चा की। संगोष्ठी में शोध छात्र पी.जी. कॉलेज द्वाराहाट पंकज आर्या, शोध–छात्रा पी. जी. कॉलेज लोहाघाट विनीता भौर्याल समेत अन्य छात्र–छात्राओं ने शोधपत्र प्रस्तुत किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी. सी.मठपाल ने संगोष्ठी को विद्यार्थियों के लिए प्रासंगिक एवं उपयोगी बताया। संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ. प्रतिभा नेगी तथा संयोजक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने आगंतुक अतिथियों, वक्ताओं, प्रतिभागियों एवं समस्त सहकर्मियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लीलाधर मिश्र ने किया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी तथा छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे।

अमर उजाला | पिथौरागढ़-बेड़ीनाग-धारचूला-टनकपुर

महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक स्थिति पर चर्चा

महाविद्यालय में दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू, दो छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए शोध पत्र

बेड़ीनाग महाविद्यालय में हुई संगोष्ठी को संबोधित करते वक्ता। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बेड़ीनाग (पिथौरागढ़)। उत्तराखंड में महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति विषय पर महाविद्यालय में दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू हुई। इस दौरान दो छात्र-छात्राओं ने शोध पत्र भी प्रस्तुत किए।

संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि बेड़ीनाग की ब्लॉक प्रमुख विनीता बाफिला ने किया। प्रो. सीडी सूंठा ने उत्तराखंड में महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति के विषय में जानकारी दी। मुख्य वक्ता पीएलएमएस कैंपस ऋषिकेश के समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एपी सिंह और प्रो.कमरुद्दीन आलम, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग एमबीपीजी कॉलेज ने हल्द्वानी में उत्तराखंड में महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन किया।

डॉ. उर्वशी पांडेय ने महिला सशक्तीकरण के लिए महिलाओं को रोजगारोन्मुख होने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सुनीता जोशी ने उत्तराखंड के आर्थिक सुदृढ़ीकरण में महिलाओं का योगदान विषय पर जानकारी दी।

इस दौरान पीजी कॉलेज द्वाराहाट के शोध छात्र पंकज आर्या, पीजी कॉलेज लोहाघाट की शोध छात्रा विनीता भौर्याल ने शोधपत्र प्रस्तुत किए। प्रभारी प्राचार्य डॉ. पीसी मठपाल ने संगोष्ठी को विद्यार्थियों के लिए प्रासंगिक और उपयोगी बताया। इस मौके पर डॉ. प्रतिभा नेगी, संयोजक डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. लीलाधर मिश्र आदि थे।

कड़ी मशक्कत कर बुझाई | बाल वैज्ञानिकों ने तैयार | पर्यावरण के लिए पैदल या

महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर: विनीता

भास्कर समाचार सेवा

• बेरीनाग महाविद्यालय दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

बेरीनाग। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेरीनाग में प्राचार्य प्रो. सीडी सूंठा की अध्यक्षता में उत्तराखंड में महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बेरीनाग विनीता बाफिला ने किया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में हर क्षेत्र में महिलाएं सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किए जा रहे हैं। संगोष्ठी के प्रथम दिवस पर संगोष्ठी के अध्यक्ष प्रोफेसर सीडी सूंठा ने थीम प्रेजेंटेशन के दौरान उत्तराखंड में महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के विषय में विस्तार से चर्चा की। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पीएलएमएस कैंपस ऋषिकेश के समाज शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एपी सिंह एवं प्रोफेसर कमरुद्दीन आलम, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग एमबी पीजी कॉलेज हल्द्वानी ने उत्तराखंड में महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति पर अपने ऐतिहासिक एवं वृत्तांतपरक व्याख्यान के माध्यम से समस्त प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन किया।

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मौजूद अतिथि।

Govt. P.G. College Berinag
PRINCIPAL
(Pithoragarh)